बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

– : संकल्प :–

सं०सं०– प्र०–09 / समा०–02–05 / 2026...578.... पटना–15, दिनांक–...03... / 09 / 2026

रामफल मंडल का जन्म 06 अगस्त, 1924 को सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी प्रखंड अंतर्गत मधुरापुर ग्राम में हुआ था। वे बचपन से ही निर्भीक, स्वाभिमानी एवं अन्याय के विरोधी थे। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में रामफल मंडल ने ब्रिटिश शासन के विरूद्ध जनसमूह को संगठित करने तथा आंदोलन को आगे बढ़ाने में सक्रिय योगदान दिया। 24 अगस्त, 1942 को पुलिस गोलीबारी के विरोध में उन्होने सीतामढ़ी के तत्कालीन अनुमंडल अधिकारी हरदीप नारायण सिंह पर फरसे से वार किया। संबंधित मुकदमे में रामफल मंडल को फाँसी की सजा सुनाई गई तथा 23 अगस्त, 1943 को भागलपुर सेंट्रल जेल में उन्हें फाँसी की सजा दी गई।

2. अमर शहीद रामफल मंडल ने बहुत कम आयु में देश की स्वतंत्रता के लिए प्राणों का बलिदान दिया, कठोर दंड के सामने भी सत्य और अपने विचारों से समझौता नहीं किया तथा अंतिम क्षण तक स्वतंत्र भारत का स्वप्न जीवित रखा। उनका जीवन साहस, देशभक्ति, त्याग और जनप्रतिरोध का प्रेरणादायक उदाहरण है।

3. राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अमर शहीद रामफल मंडल की शहादत दिवस प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को सीतामढ़ी जिले में राजकीय समारोह के रूप में आयोजित की जायेगी।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

03.09.2026

(महेन्द्र प्रसाद यादव)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09 / समा०–02–05 / 2026...578..... पटना–15, दिनांक–...03... / 09 / 2026

प्रतिलिपि :– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि इसकी 200 मुद्रित प्रतियाँ मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (नयाचार शाखा), बिहार, पटना को शीघ्र उपलब्ध करायी जाय।

03.09.2026

सरकार के संयुक्त सचिव।

क्रमशः....

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–05/2026.....578..... पटना–15, दिनांक–.....03...../09/2026

प्रतिलिपि :– राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव/मुख्यमंत्री के सचिव/सभापति, बिहार विधान परिषद् के आप्त सचिव/अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आप्त सचिव/सभी मंत्री एवं राज्यमंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

03.09.2026

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–05/2026.....578..... पटना–15, दिनांक–.....03...../09/2026

प्रतिलिपि :– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.09.2026

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–05/2026.....578..... पटना–15, दिनांक–.....03...../09/2026

प्रतिलिपि :– सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.09.2026

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–05/2026.....578..... पटना–15, दिनांक–.....03...../09/2026

प्रतिलिपि :– प्रशाखा पदाधिकारी–1 एवं आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.09.2026

सरकार के संयुक्त सचिव।